कोटद्वार,शनिवार
20 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 258 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979



डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


# रक्षा मंत्री ने देश को समर्पित की 670 करोड लागत से निर्मित 35 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं

## सीमावर्ती क्षेत्र हमारी मुख्यधारा का हिस्सा हैं, बफर जोन नही : राजनाथ

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सीमांत क्षेत्र जोशीमठ ढाक से बीआरओ द्वारा निर्मित 35 इंफ्रास्टक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए देश को समर्पित किया। इसमें सात राज्यों की 06 सड़कें और 29 ब्रिज शामिल है। परियोजनाओं को बीआरओ द्वारा 669.69 करोड़ की लागत पर पूरा किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोशीमठ ढाक में सीमा सड़क संगठन के जवानों से भी मिले और उनसे बातचीत करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। विपरीत परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने में बीआरओ के कार्यों की जमकर सराहना भी की। रक्षा मंत्री ने सात राज्यों की जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें जम्मू-कश्मीर में 01 सड़क व



10 ब्रिज, लद्दाख में 03 सड़के व 6 ब्रिज, हिमांचल प्रदेश में 01 ब्रिज, उत्तराखंड में 03 ब्रिज, सिक्किम में 02 सड़कें, अरूणाचल प्रदेश में 08 ब्रिज तथा मिजोरम में 01 ब्रिज शामिल है। उत्तराखंड राज्य में भारत चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशमठ-मलारी मार्ग पर ढाक ब्रिज एवं भापकुंड ब्रिज और सुमना-रिमखिम मोटर मार्ग पर रिमखिम गाढ ब्रिज को शिवालित परियोजना द्वारा 33.24 करोड़ लागत से तीनों ब्रिज बनाए गए है। जिससे सीमांत क्षेत्रों में आवागमन सुगम हो गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। साथ ही उन्होंने पर्यावरण के अनुकूल अधिकतम राष्ट्रीय सुरक्षा और कल्याण के मंत्र के साथ काम करने का आह्वान भी किया। रक्षा मंत्री ने देश के सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बीआरओ की सराहना की और कहा कि सड़क, पुल आदि का निर्माण करके, संगठन दूर-दराज के इलाकों को भौगोलिक दृष्टि से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ रहा है, साथ ही दूर दराज के गांवों में रहने वाले लोगों के दिलों को बाकी नागरिकों के साथ भी जोड़ रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों को मुख्यधारा का हिस्सा मानती है न कि बफर जोन। एक समय था जब सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता था। सरकारें इस मानसिकता के साथ काम करती थीं कि मैदानी इलाकों में रहने वाले लोग ही मुख्यधारा के लोग हैं। उन्हें चिंता थी कि सीमा पर घटनाक्रम का इस्तेमाल दुश्मन द्वारा किया जा सकता है। इसी संकीर्ण मानसिकता के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों तक विकास कभी नहीं पहुंच सका। ये सोच आज बदल गई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार देश की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम इन क्षेत्रों को बफर जोन नहीं मानते हैं। वे हमारी मुख्यधारा का हिस्सा हैं।

### उत्तराखण्ड में तेजी से हो रहे विकास कार्य : धामी

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि आगमन पर रक्षा मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सीमांत क्षेत्रों की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण पर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य के सामरिक, धार्मिक व पर्यावरणीय महत्व को समझते हुए बड़ी परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है। चारधाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन, सीमांत क्षेत्र विकास परियोजना व पर्वतमाला जैसी योजनाएं विकास के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्ग निर्देशन में उत्तराखंड राज्य में तेजी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ पूरे मनोरथ से काम कर रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवसरचना विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने बीआरओ की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### उत्तराखंड में 22 जनवरी को बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

देहरादून। श्रीराम जन्म भूमि परिसर अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को देखते हुए उत्तराखंड में भी 22 जनवरी को स्कूल, कालेज पूरी तरह बंद रहेंगे। सरकारी ऑफिस, बैंक, ट्रेजरी आधे दिन तक बंद रहेंगे। सचिव सामान्य प्रशासन की ओर से इस सम्बन्ध में शुक्रवार को आदेश जारी कर दिए गए हैं। सचिव सामान्य प्रशासन दीपेंद्र कुमार चौधरी ने आदेश जारी किए। आदेश में साफ किया गया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए सरकारी ऑफिस, संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान, बैंक, कोषागार, उप कोषागार सोमवार 22 जनवरी को अपराह्न ढाई बजे तक बंद रहेंगे। केंद्र सरकार ने भी ऑफिस आधे दिन तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। उत्तराखंड में स्कूल, कालेज पूरे दिन बंद रहेंगे। इससे पहले उत्तराखंड सरकार 22 जनवरी को ड्राइ डे घोषित कर चुकी है। कर्मचारियों ने मांगा पूरे दिन का अवकाश : उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन उत्तराखंड ने 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश की तरह पूरे एक दिन का अवकाश घोषित करने की मांग की।

### व्यापारियों ने किया फैसला, आज से 22 जनवरी तक दीपावली की तरह सजेंगे बाजार

देहरादून। दून के व्यापारी 19 से 22 जनवरी तक बाजार को दीपावली की तरह सजाएंगे। इसके साथ ही 20 जनवरी को दून में भव्य श्रीराम यात्रा भी निकालेंगे। गुरुवार को स्टार वुड होटल में दून उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है।

इसको देखते हुए व्यापार मंडल की ओर से 371 कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें हनुमान चालीसा पाठ, मंदिर कीर्तन, अखंड पाठ, रामायण पाठ आदि कार्यक्रम शामिल हैं। नगर में 20 जनवरी को भव्य श्रीराम यात्रा निकाली जाएगी। जिसका जगह–जगह पर व्यापारियों की ओर से स्वागत किया जाएगा।

संरक्षक विपिन नागलिया ने बताया कि हम सब व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर झंडा लगा रहे हैं। इसके अलावा प्रसाद वितरण, अखंड पाठ, रामायण पाठ करेंगे। इस दौरान दून उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक अनिल गोयल, अध्यक्ष विपिन नागलिया, सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, महासचिव सुनील मैसोन, डीडी अरोड़ा, विजय कोहली, डा. देवेंद्र ढल्ला, अक्षत समेत अन्य मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने 56 वकीलों को दिया वरिष्ठ वकील का दर्जा

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 56 वकीलों और एडवोकेट–ऑन–रिकार्ड (एओआर) को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया। शीर्ष अदालत द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है– भारत के प्रधान न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने 19 जनवरी, 2024 को आयोजित पूर्ण अदालत की बैठक में 56 वकीलों और एओआर को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया है।

**प्रधान न्यायाधीश ने दी बधाई**

जिन वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया है, उनमें गौरव अग्रवाल, शोभा गुप्ता, मोहम्मद शोएब आलम, अमित आनंद तिवारी, स्वरूपमा चतुर्वेदी, अर्धेदुमौलि कुमार प्रसाद, सुनील फर्नांडीस, तपेश कुमार सिंह और गगन गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा शीर्ष अदालत को 198 नए एओआर भी मिले। प्रधान



न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दिन की अदालती कार्यवाही के बाद नए एओआर को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि कई महिला वकीलों ने एओआर परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार केवल एओआर का दर्जा प्राप्त वकील ही शीर्ष अदालत में मामले दायर कर सकते हैं।

**कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने शुक्रवार को कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की। शुक्रवार को हुई बैठक में कलेजियम ने इस तथ्य पर विचार किया कि जस्टिस वराले हाई कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में एक हैं और अनुसूचित जाति से आने वाले उच्च न्यायालय के एकमात्र मुख्य न्यायाधीश हैं।

### 11 घंटे बाधित रहा बदरीनाथ हाईवे

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर महादेव चट्टी के समीप भारी सामान से लदे दो ट्रक फंस गये, जिसके कारण एक ट्रक खाई में गिरने बाल-बाल बच गया। ट्रकों के फंसने से हाईवे बाधित हो गया। करीब 11 घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। देवप्रयाग एसएचओ देवराज शर्मा ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे महादेव चट्टी के समीप भारी सामान से लदे दो ट्रक आपस में फंस गए। ऋषिकेश से टाइल्स लेकर आ रहे ट्रक का महादेव चट्टी के पास एक्सल टूट गया, इसी दौरान श्रीनगर से देवप्रयाग राशन लेकर आ रहा ट्रक टाइल्स से भरे ट्रक से टकराने से बचने के चक्कर में सड़क से खाई ओर लटक गया। चावल की बोरियों से लदे होने के कारण ट्रक खाई में गिरने से बाल-बाल बच गया। लोगों ने घटना की सूचना देवप्रयाग थाना पुलिस को दी, थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रकों को खाली करवाने के लिये मौके पर मजदूरों को बुलाया, लेकिन रात अधिक होने के कारण ट्रकों से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक सामान खाली करवाया जा सका, जिसके बाद हाइडा मशीनों की मदद से दोनों ट्रकों को खींचकर सड़क से किनारे किया जा सका, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। राजमार्ग बाधित होने से ऋषिकेश और देहरादून से चलने वाली नियमित बस सेवायें सहित अखबार, सब्जी, दूध आदि की सप्लाई देर से क्षेत्र में पहुंची।

# सीएम योगी ने अयोध्या में रखी नए अध्याय की नींव, रूफ माउंटेड सोलर बोट परिचालन का किया उद्घाटन

अयोध्या , उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत नव्य अयोध्या परियोजना बेहद सफल हो रही है।

इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में सीएम योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने उत्तर



प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का उद्घाटन कर देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोस सर्विस का शुभारंभ किया। उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर बोट संचालन की शुरुआत की तथा सरयू नदी में बोट पर सवार होकर नदी किनारे बने फ्लोटिंग जेटी व फ्लोटिंग बोट चार्जिंग स्टेशन का भी जायजा लिया।

**सीएम ने सरयू में बोटिंग कर लिया नौकायन परिवहन की तैयारियों का जायजा**

सीएम योगी ने अयोध्या में सरयू घाट पर शुक्रवार को सोलर बोट के संचालन का शुभारंभ करते हुए फीता काटकर व बोट के नेवीगेशन बटन को दबाकर आगाज किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी में इस बोट के जरिए नौकायन भी किया तथा सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं तथा इनलैंड वॉटरवेज के हिसाब से विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनके बारे में जानकारियां प्राप्त कीं।

# श्रीराम शोभायात्रा के लिए डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक



देहरादून। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में दून में शनिवार को निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। यात्रा के दौरान शहर में ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। मुख्य शहर परेड ग्राउंड, घंटाघर, दर्शनलाल, राजपुर रोड़, ईसी रोड, बुद्धा चौक क्षेत्र दोपहर में बाद ट्रैफिक डायवर्ट होगा। शोभा यात्रा खेल मैदान परेड ग्राउंड से शुरू होगी, जो कनक चौकझ ओरियन्ट चौकझ घंटाघरझ पलटन बाजारझ डिस्पेंसरी रोड– दर्शनलाल चौकझ रेंजर्स ग्राउंड में पहुंचनी है। जब यात्रा निकलेगी उस दौरान आईएसबीटी और कांवली रोड से आने वाले सभी विक्रम, मैजिक रेलवे स्टेशन गेट से वापस भेजे जाएंगे। धर्मपुर की ओर से आने वाले सभी विक्रम वाहन सीएमआई, प्रेमनगर और कौलागढ़ आने वाले विक्रम, मैजिक बिंदाल, राजपुर रोड की ओर से आने वाले विक्रम और मैजिक सचिवालय कट से वापस भेजे जाएंगे। जबकि सहस्त्रधारा रोड और मालदेवता की ओर वाले विक्रम और मैजिक वाहनों को सहस्त्रधारा क्रासिंग से वापस भेजा जाएगा।

**मुख्य शहर में ऐसे डायवर्ट होंगे वाहन**

एसपी ट्रैफिक सर्वेश पंवार ने बताया कि यात्रा के परेड ग्राउंड से प्रस्थान करने पर सर्वे चौक, बुद्धा चौक और दर्शनलाल चौक से लैंसडाउन चौक की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएगा। रायपुर रोड की ओर से आने वाले वाहनों को ईसी रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यात्रा के कनक चौक पर पहुंचने पर ओरियन्ट चौक, पैसिफिक, लैंसडाउन चौक से कनक चौक की ओर ट्रैफिक बंद रहेगा, राजपुर रोड से घंटाघर की ओर आने वाले वाहनों को बहल चौक से ईसी रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यात्रा घंटाघर पर पहुंचने पर चकराता रोड से आने वाले वाहनों को दर्शनलाल चौक की ओर न भेजते हुए बहल चौक की ओर भेजा जाएगा, जो ईसी रोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

# पथरी पुलिस ने चरस के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा



हरिद्वार। पथरी पुलिस ने एक व्यक्ति को 418 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी चरस बेचने की फिराक में सुल्तानपुर मार्ग पर खड़ा था। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार राहुल पुत्र स्व यशपाल निवासी फुलगढ़ सुल्तानपुर चरस बेचने की फिराक में घर से निकला था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को सुल्तानपुर स्थित सड़क से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ व तलासी लेने के बाद उसके पास से 418 ग्राम चरस बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी चरस बेचने का कारोबार करता है और चरस को बेचने सुल्तानपुर जा रहा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया एक व्यक्ति को चरस के साथ पकड़ा है जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छावनी बोर्ड को निकाय में शामिल करने की प्रक्रिया पर आभार जताया

देहरादून। छावनी बोर्ड गढ़ी कैंट को नगर निकाय में शामिल करने की प्रक्रिया तेज होने पर उत्तराखंड पहाड़ी महासभा ने रक्षा मंत्रालय का आभार जताया है। महासभा के अध्यक्ष वीरू बिष्ट ने रक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर क्षेत्र की लोगों की तरफ से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय के इस फैसले से छावनी परिषद गढ़ी कैंट क्षेत्र के केहरी गांव, मोहनपुर, स्मिथनगर और न्यू कॉलोनी क्षेत्र में भवन बनाने वाले क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। क्योंकि, छावनी ऐक्ट के तहत केहरी गांव, मोहनपुर, स्मिथनगर और न्यू कॉलोनी क्षेत्र की जमीनों में भवन मानचित्रों को पास नहीं किया जाता है। नगर निकायों में आने यह बाधा दूर हो जाएगी। कहा कि जिन लोगों ने मकान बनाए हुए हैं, उन्हें भी छावनी बोर्ड समय–समय पर नोटिस जारी करता रहता है। उन्होंने कहा कि जल्द एक प्रतिनिधि मंडल भी रक्षा मंत्री का आभार जताने के लिए दिल्ली जाएगा।

### फड़ ठेली व्यापारियों के समर्थन में शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

देहरादून। विभिन्न संगठनों और राजनैतिक दलों ने शहर के विभिन्न इलाकों में फड़ ठेली लगाने वाले व्यापारियों के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। सचिव सीपीआईएम देहरादून अनंत आकाश ने बताया कि व्यापारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें सामान जब्त करने के साथ चालान की कार्रवाई कर रही हैं। लेकिन प्रस्तावित जगहों पर वेंडिंग जोन नहीं बन पा रहे। उन्होंने कहा कि समस्या का हल करवाने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### युवती की फोटो अश्लील बनाकर भेजने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून। युवती की फोटो एडिट कर उन्हें अश्लील बनाकर भेजने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रकरण को लेकर पटेलनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती ने साइबर थाने में तहरीर दी। कहा कि उसके इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक अनजान आईडी से मैसेज आया। पीड़िता ने बीते छह जनवरी को मैसेज देखा। जानना चाहा कि वह यूजर कौन है। आरोप है कि उक्त यूजर ने सात जनवरी को पीड़िता को उसकी आईडी से ली फोटो वीडियो मार्फ कर उन्हें अश्लील बनाकर भेज दिया। इसके बाद से पीड़िता मानसिक तनाव में है। साइबर थाने से मामले को पटेलनगर कोतवाली भेजा गया।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने किया सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री अनुभागों का औचक निरीक्षण

देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री अनुभागों के कार्यालयों को 15 फरवरी तक अपनी सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के साथ ही रिकॉर्ड मेंटनेस, साफ–सफाई, पुराने एवं अनुपयोगी सामानों एवं फाइलों के ऑक्शन तथा वीडिंग की डेडलाइन दी है। राधा रतूड़ी ने अगले 15 दिनों में सचिवालय के मुख्यमंत्री अनुभागों में अभियान चलाकर अनुपयोगी सामानों एवं फाइलों की वीडिंग, ऑक्शन एवं साफ–सफाई, सौन्दर्यीकरण का कार्य पूरा करने की सख्त हिदायत दी है। एसीएस ने वीडिंग की व्यवस्था को प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुक्रवार को सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री अनुभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की व्यवस्था, रिकॉर्ड मेंटनेस, साफ–सफाई आदि का जायजा लेते हुए एसीएस रतूड़ी ने सम्बन्धित अधिकारियों को अनुभागीय कार्यालयों को कार्मिकों के लिए गरिमापूर्ण वर्क इनवाइरमेंट बनाने के साथ ही कार्य संस्कृति में सुधार की भी



नसीहत दी। उन्होंने कार्यालयों की नियमित स्वच्छता बनाये रखने, रंग रोगन करने, अनुपयोगी सामानों को हटाने, अनावश्यक पत्रावलियों की वीडिंग करने तथा कार्मिकों के कार्य करने के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। एसीएस राधा रतूड़ी ने व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए 15 दिनों का समय देते हुए उक्त निर्देशों के पालन की जांच हेतु पुनः निरीक्षण की बात कही।

इस अवसर पर सचिव एस एन पाण्डेय सहित मुख्यमंत्री कार्यालय के सभी छः अनुभागों के अनुभाग अधिकारी, व्यवस्थाधिकारी, कार्मिक व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया कुमाऊँविश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में वर्चुअली प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में वर्चुअली प्रतिभाग करते हुए छात्र–छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने स्वर्ण जयंती समारोह के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि देश और समाज की उन्नति में योगदान देना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। भारत विश्व गुरु के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त करने की आकांक्षा रखता है, और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेहनती, विचारशील और मजबूत नागरिकों के रूप में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

राज्यपाल ने युवाओं से कहा ह्यह्यअतीत से सीखें, वर्तमान में जिएं, भविष्य के लिए सपने देखें और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कर्मयोगी की तरह काम करें। 25 वर्षों का ये अमृत काल आपके लिए कर्तव्य–काल भी है। जब आप अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखेंगे




तो समाज भी आगे बढ़ेगा, देश भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एक–एक युवा अपने हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सामर्थ्य से पूरा करेगा। सशक्त, समर्थ और सक्षम भारत के संकल्प की सिद्धि से इसी अमृत काल में हम विश्व का भी नेतृत्व करेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि आज भारत दुनिया की टॉप फाइव इकॉनमी, दुनिया के टॉप थ्री स्टार्टअप इकोसिस्टम में आया है, आज भारत एक से बढ़कर एक इनोवेशन और रिकॉर्ड पेटेंट फाइल कर रहा है। आज भारत दुनिया का बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग हब बन रहा है, तो इसके पीछे भारत के युवाओं की ताकत है। आपको अमृत काल में भारत को एक नई ऊंचाई पर लेकर जाना है।

### रोजगार के अवसर बढ़ाने पर रहा सरकार का जोर : सौरभ बहुगुणा

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा है कि पौने दो साल के कार्यकाल में राज्य सरकार का जोर, विभिन्न योजनाओं के जरिए रोजगार सृजन पर रहा है। शुक्रवार को बलवीर रोड स्थित भाजपा मुख्यालय में अपने विभाग की उपलब्धियों का विवरण देते हुए बहुगुणा ने कहा कि पशुपालन विभाग की गोट विलेज योजना के जरिए इस दौरान 1792 और पोल्ट्री विलेज योजना के तहत 1941 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसी तरह सरकार ने एक लाख लक्ष्य के मुकाबले 84 हजार किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए हैं। बहुगुणा ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में दूध का मूल्य आठ से दस रुपए तक बढ़ाया गया है, जबकि पहले औसत वृद्धि सवा रुपए से लेकर दो रुपए के बीच होती थी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन 25 प्रतिशत तक बढ़ गया है, इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य दिसंबर माह में ही पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए अब एक से दो रुपए प्रति किलो के मूल्य से गोबर भी खरीदने की तैयारी कर रही है।

# दीपोत्सव मानने की तैयारियां शुरू, बाजार में बढ़ी भगवे झंडे की डिमांड


कोटद्वार के गोखले मार्ग पर सजी भगवे झंडे की दुकान

## 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहरवासियों ने तैयारियां की शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में तैयारियां शुरू हो गई। बाजार में विभिन्न प्रकार के दीपकों के साथ ही भगवे झंड़े की भी डिमांड भी बढ़ रही है। शहरवासी अपने घरों व प्रतिष्ठानों की छतों में भगवे झंडे लगा रहे हैं। वहीं, बाजार में हनुमान चालीसा पुस्तक व रामचरित मानस पुस्तक की भी खूब बिक्री हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशवासी अपनी घरों में दीप जलाकर महोत्सव मनाएंगे। ऐसे में कोटद्वार शहर में विभिन्न प्रकार के दीपों के साथ ही भगवे झंडों की भी मांग बढ़ रही है। गोखले मार्ग के साथ ही अन्य स्थानों पर भगवे झंडे की दुकानें सजी हुई हैं। यही नहीं श्री राम स्टीकर व भगवा वाहन झंडे भी खूब बिक रहे हैं। शहरवासी राजीव कुमार, अंकुर सिंह ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाजार में छोटे से लेकर बड़े साइज का भगवा झंडा उपलब्ध हैं। ग्राहक सबसे अधिक बड़े झंडे की डिमांड कर रहे हैं। भगवे झंडे की कीमत पचास से तीन सौ रुपये तक की है। वहीं, वाहन स्टीकर भी पचास से दो सौ रुपये तक के उपलब्ध हैं।

## जीएमओयू में होगा सुंदरकांड का पाठ

अयोध्या में रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड की ओर से सुंदरकांड का पाठ करवाया जाएगा। जानकारी देते हुए जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने बताया कि सुंदरकांड में कंपनी के वाहन संचालक, चालक व परिचालकों के साथ ही बड़ी संख्या में आमजन भी प्रतिभाग करेंगे। सुंदरकांड का आयोजन जीएमओयू कार्यालय में होगा।

## विद्यार्थियों को बताई उद्यमियों की सफलता की कहानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में देवभूमि उद्यमिता योजना के अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला में उद्यमिता विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान देवभूमि उधमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. विनय देवलाल ने छात्र-छात्राओं से उधमिता विषय पर चर्चा कर विद्यार्थियों की रुचि, जानकारी व जिज्ञासा के बारे में जाना।

डा. विनय देवलाल ने विद्यार्थियों को स्थानीय व देश के उद्यमियों के संघर्ष व सफलता की कहानियों के माध्यम से उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति युवाओं को प्रेरित किया।

नोडल अधिकारी द्वारा उत्तराखंड सरकार की देव भूमि उधमिता योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को अपने आस-पास की जरूरी वस्तुओं की जानकारी लेने को कहा। कहा कि इससे विद्यार्थियों को नए आईडिया मिलेंगे। जिसके अंतर्गत स्टार्टअप प्रारंभ करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जा सकेगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरविंद सिंह द्वारा कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर अपना व अन्य लोगों के भी भविष्य निर्माण में सहायता करने को प्रेरित किया। समस्त कार्यक्रम में डॉ. उषा सिंह, सतकुमार, मनीषा सरवालिया, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## शिविर में सांस्कृति प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हो गया है। इस दौरान स्वयं सेवियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता रावत शाह द्वारा मुख्य, विशिष्ट अतिथियों का पौधा तथा प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. अरविन्द सिंह ने स्वयं सेवियो को अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र लाल आर्य ने स्वयं सेवियों से महापुरुषों के व्यवहार को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। तत्पश्चात स्वयं सेवियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत निकिता तथा प्रियंका द्वारा प्रस्तुत युगल नृत्य ने सबका मन मोह लिया। स्वयं सेवी मानसी ने शिविर पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। मौके पर दीपक चंद्र व कविता को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवी चुना गया। कार्यक्रम में रमाकांत कुकरेती, पुष्पा नौगाईं, अम्बेश पंत, डॉ. अजय नेगी, राजेन्द्र प्रसाद पंत, प्रो. अरविन्द सिंह, डॉ. वी.सी. शाह और डॉ. कपिल सहित सभी स्वयं सेवी उपस्थित रहे।


एनएसएस शिविर के समापन पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी

## दो दिन से नहीं हुए धूप के दर्शन, शीतलहर व कोहरे ने बढ़ाई मुश्किल


कोटद्वार में ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेता श्रमिक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले दो दिन से शहर में धूप के दर्शन तक नहीं हुए हैं। कोहरे के साथ चल रही शीतलहर ने आमजन को परेशान कर दिया है। लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अलाव व हीटर का सहारा लिया। कोटद्वार का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

शुक्रवार सुबह जैसे ही लोग घरों से बाहर निकले, घने कोहरे ने उनकी कंपकंपी छुड़ा दी। पूरे दिन लोग धूप का इंतजार करते रहे। लेकिन, सूरज के कोई दर्शन नहीं हुए। कोहरे के साथ चल रही शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाई। कोहरे के कारण वाहनों से आवाजाही करने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह व शाम के समय सड़कों पर अधिकांश वाहन हेडलाइट जला कर चल रहे थे। ठंड से बचाव के लिए शहर में अधिकांश लोगों ने अलाव का सहारा लिया। वहीं, गुरुवार को भी शहर में यही स्थिति बनी हुई थी। वहीं, एक ओर जहां मैदानी क्षेत्र में कोहरे की चादर घिरी रही। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में गुनगुनी धूप ने ग्रामीणों को काफी राहत पहुंचाई। पहाड़ों में ग्रामीणों ने अपने घरों के बाहर बैठकर धूप का आनंद लिया। लेकिन, सुबह शाम अचानक गिर रहे तापमान ने पर्वतीय क्षेत्रों के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ाई।

## उत्तरकाशी ने रानीखेत को हराया

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला क्रीड़ा विभाग की ओर से आयोजित हाकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मुकाबला उत्तरकाशी के नाम रहा। प्रतियोगिता में प्रदेश की दस से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

शुक्रवार को स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का पहला मुकाबला उत्तरकाशी व रानीखेत के मध्य खेला गया। जिसमें उत्तरकांशी ने 4-0 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में देहरादून ने हरिद्वार को 3-1, तीसरे मुकाबले में रुद्रप्रयाग ने नैनीताल को 6-0, चौथे मुकाबले में महाराणा प्रताप स्टेडियम ने चंपावत को 5-0, पांचवे मुकाबले में पौड़ी ने काशिपुर स्टेडियम को 4-0 से हराया। छठवें मुकाबला टिहरी व अल्मोड़ा के मध्य खेला गया। जिसमें अल्मोडा 1-0 से विजयी रहा। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, स्टेडियम इंचार्ज संदीप डुकलान, वीरेंद्र प्रसाद, आशीष भट्ट, सूरज नेगी, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## मलबा सड़क पर फैलाने से भड़के ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कल्जीखाल के बहेड़ाखाल से रिगुंड दिउसा मोटरमार्ग पर एक निजी कंपनी द्वारा लाइन बिछाने का काम करते हुए सड़क को खोदा जा रहा है और मलबा भी सड़क पर ही फैलाया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहेड़ाखाल रिगुड निवासी प्रमोद सिंह नयाल ने बताया कि इन दिनों एक निजी कंपनी द्वारा लाइन बिछाने का काम करते हुए सड़क को खोदा जा रहा है और मलबा भी सड़क पर ही फैलाया जा रहा है, जिससे सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया कुलसचिव का घेराव

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली सीयूईटी को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने कहा कि सीयूईटी को लेकर जल्द निर्णय नहीं लिया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

गुरुवार को विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य संदीप राणा के नेतृत्व में छात्र कुलसचिव कार्यालय पहुंचे। इस दौरान छात्र नेता संदीप राणा, प्रदेश सहमंत्री अमन पंत, जसवंत राणा ने कहा कि लम्बे समय सीयूईटी को रद्द कर गढ़वाल विवि से अपनी प्रवेश परीक्षा करवाये जाने की मांग की जा रही है।

सीयूईटी को रद किये जाने की मांग को लेकर पिछले वर्ष आंदोलन भी किया गया। जिसके बाद विवि प्रशासन ने सीयूईटी के एवज में अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक गढ़वाल विवि सीयूईटी को लेकर निर्णय नहीं ले पाया है। कहा कि सीयूईटी परीक्षा होने के चलते पहाड़ के छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। परीक्षा केंद्र देहरादून सहित अन्य राज्यों में होने के चलते छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाते हैं।

## समिति ने मेधावी विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अभ्युदय महिला बाल कल्याण समिति की ओर से एकेश्वर के जनता इंटर कॉलेज कमलपुर (संगलाकोटी) के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। इस दौरान खेल प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने 11 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की। साथ ही समिति ने छः छात्र-छात्राओं के बुजुर्ग दादा-दादी को शाल भी भेंट की। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह रावत ने बताया कि समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में चयनित छात्र आकाश व बालीवाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रा अंकिता रावत को भी सम्मानित किया गया।


प्रखंड पोखड़ा के अंतर्गत संगलाकोटी विद्यालय में छात्रों को सम्मानित करते अतिथि

## एक नजर

### पंचायत लोकतंत्र की मुख्य इकाई : बंगवाल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल मुख्यालय में उत्तराखंड राज्य ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायतीराज विभाग के तत्वाधन में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं रेखीय विभाग के कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हो गया।

मुख्य प्रशिक्षक उमांशकर बंगवाल ने बताया कि लोकतंत्र की मुख्य इकाई ग्रामसभा की पंचायत होती हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पंचायत से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर बलराम रावत ने कहा कि खण्ड स्तर एवं न्याय पंचायत स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सभी जनप्रतिनिधियों एवं रेखीय विभाग के कर्मचारी ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत चल रही ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को धरातल पर उतार कर 2030 तक शत प्रतिशत विकास लक्ष्यों को पूरा कर सकें।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी, प्रधान संघ अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट, बीडीओ जयपाल सिहं पयाल, प्रोजेक्ट मैनेजर अंकुर बिष्ट, मास्टर ट्रेनर दयाल सिहं रावत, उमाशंकर बंगवाल आदि मौजूद थे।

### ग्रामसभा अमकोटी के ग्रामीण पेयजल किल्लत से परेशान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : ग्रामसभा अमकोटी के ग्रामीण पेयजल किल्लत से परेशान है। ग्राम प्रधान ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत भी सभी घरों में कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण प्राकृतिक स्त्रोत से पेयजल लाने को मजबूर हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन से गांव के सभी ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन देने की मांग उठाई है। अमकोटी की ग्राम प्रधान गुड्डी देवी ने बताया कि पिछले लंबे समय से उनके गांव में पेयजल किल्लत बनी हुई है। उनके गांव में भीषण गर्मी पड़ती है। गांव में इन दिनों जल जीवन मिशन के हर घर जल योजना के तहत पेयजल कनेक्शन लगाए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक 34 में से 12 ही घरों में कनेक्शन लगाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। बताया कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से उनके गांव में पेयजल किल्लत दूर करने की मांग उठाई है।

### भारत को नशा मुक्त बनाने को लेकर रखे विचार

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के हिंदी विभाग में विकसित भारत @2047 के अंतर्गत नशा मुक्त भारत समस्या और समाधान थीम पर कला संचार एवं भाषा संकाय के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों तथा छात्रों ने विकसित भारत 2047 के अंतर्गत भारत को नशा मुक्त बनाने को लेकर विचार रखे। इस अवसर पर कला संचार एवं भाषा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा ने कहा कि विकसित भारत में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार का आयोजन प्रशंसनीय है, ऐसे मंचों के द्वारा ही युवा विकसित भारत में नशा के प्रति जागरूक होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में विषयवस्तु के संक्षिप्त परिचय के साथ लघु फिल्म और एक संगीतमय लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा पी. अंजली और शोध छात्र तरूण किशोर नौटियाल ने किया। इस मौके पर संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. कमला चौहान, प्रो. शकुंतला रौथाण, प्रो. गुड्डी बिष्ट, प्रो. मोनिका गुप्ता, प्रो. सुधांशु जयसवाल, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. सविता मैठाणी, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# ग्रामीणों ने दी लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : पाबौ ब्लाक के ग्रामसभा चैड़ मल्ला के ग्रामीणों ने सड़क सुविधा नहीं मिलने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही सड़क सुविधा देने की मांग की है। नाराज ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सुविधा नहीं होने से उनको हर रोज 4 किमी. पैदल दूरी नापनी पड़ती है। बताया कि उन्हें चैड तल्ला से पौड़ी आने के लिए 1500 की धनराशि खर्च करनी पड़ती है। उन्होंने इन दोनों मोटर मार्गों का मिलान करने की मांग की है, चेतावनी दी कि जल्द ही कार्रवाई नहीं होने पर वे लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। वहीं, डीएम ने लोनिवि के एसई को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

गुरुवार को पाबौ ब्लाक के ग्रामसभा चैड़ मल्ला के ग्राम प्रधान सुनील चौहान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि करीब 25 साल पहले उनके गांव के लिए पाबौ चैड़ तल्ला मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ, लेकिन मोटर मार्ग का समरेखण बदलकर पाबौ-कोट-चैड़ तल्ला कर दिया गया, ग्राम कोटा तक तीन बार सड़क का डामरीकरण हो चुका है, लेकिन उससे आगे तक मोटर मार्ग अभी भी जीर्ण शीर्ण पड़ा हुआ है। बताया कि ग्राम चैड तल्ला से चैड मल्ला की दूरी 4 किमी. है, सड़क सुविधा नहीं होने से ग्रामीण परेशान है। बताया कि 2014 में सीकूखाल से कूलधार तक मोटर मार्ग का निर्माण किया गया, कूलधार से ग्राम चैड मल्ला की दूरी करीब 600 मीटर है और चैड तल्ला की दूरी 4 किमी. है। कहा कि उक्त दोनों सड़कों का मिलान नहीं होने से ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन दोनों सड़कों का मिलान नहीं होने से पाबौ ब्लाक मुख्यालय जाने के लिए पहले 4 किमी. पैदल दूरी नापकर चैड तल्ला जाना पड़ता है और फिर वहां से वाहन नहीं मिलने पर 4 किमी. की दूरी तय करनी पड़ती है। इस मौके पर बुद्धि सिंह, मनवर सिंह, आनंद सिंह, राकेश सिंह, रघुवीर, दिनेश, अरविंद, रिंकी, सीता, रीना, विजयलक्ष्मी, देवेश्वरी, उमा आदि शामिल थे। डीएम डा.आशीष चौहान ने लोनिवि के एसई को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

### सांसद ने माँ धारी देवी मंदिर में की साफ-सफाई

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मां धारी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। साथ ही सभी देशवासियों की खुशहाली की कामना की। गुरुवार को धारी देवी मंदिर प्रांगण में सांसद रावत ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने अन्य लोगों को भी श्रमदान करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा होने तक देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई अभियान का कार्य किया जायेगा। जिसके तहत देशभर में 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

### डीएम ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला स्तरीय राजस्व संवर्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने विद्युत विभाग के अफसरों को बिजली की चोरी को रोकने के लिए विभागीय स्तर की धीमी कार्रवाई पर कड़ी फटकार लगाते हुए तेजी लाने को कहा। उन्होंने आबकारी, वन विभाग, सिंचाई विभाग को राजस्व संवर्धन की कार्रवाई तय समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को एनआईसी कक्ष से वीसी के माध्यम से बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने विभागों को निर्धारित राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। डीएम ने परिवहन विभाग के अफसरों को पंजीकरण शुल्क से प्राप्त राजस्व की तुलना में प्रवर्तन शुल्क कम मिलने पर नाराजगी जताते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने खाद्य् सुरक्षा विभाग को होटलों, ढाबों, मिष्ठानों की दुकानों में सैंपलिंग लेकर खाद्य सुरक्षा नियमों का उलंघन करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने को कहा।

### जिपं का मदन नेगी कस्बे में बनेगा अतिथि गृह

नई टिहरी : प्रतापनगर के मदन नेगी कस्बे में जिला पंचायत अतिथि गृह का निर्माण करवा रहा है, भवन तैयार होने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों सहित पर्यटकों को इसका लाभ मिलेगा।

बांध प्रभावित प्रतापनगर के मदन नेगी कस्बे में 25 लाख की लागत से जिला पंचायत दो सूट्स का अतिथि गृह का निर्माण कार्य करवा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मदन नेगी में जिला पंचायत को गत वर्ष अतिथि गृह निर्माण के लिये जमीन आवंटित की है, जिसके बाद जिला पंचायत ने अतिथि गृह भवन निर्माण के लिये 25 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कार्य शुरु करवाया। अतिथि गृह में दो सूट्स के साथ कॉमन हॉल, लॉबी आदि शामिल है।

# गढ़वाल विवि में फॉग मॉनिटरिंग स्टेशन की हुई स्थापना

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग में फॉग मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की गयी है। जिसका मुख्य उद्देश्य गढ़वाल घाटी के क्षेत्रों में होने वाले कोहरे के भौतिक-रासायनिक पहलू की जांच करना है। गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के सहायक प्राचार्य डा. आलोक सागर गौतम ने बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) पुणे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार और गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के नेतृत्व में फॉग मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की गयी है। कहा कि गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के सहयोग से वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईआईटीएम पुणे डॉ. सचिन डी घुडे के नेतृत्व में शीतकालीन कोहरे के अवलोकन स्थल पर फॉग मॉनिटर (एफएम-120), दृश्यता मीटर, स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस), पीएम 10, पीएम 2.5 सैंपलर जैसे विभिन्न अत्याधुनिक उपकरण स्थापित किए गए हैं। कहा कि उपकरणों की यह वेधशाला गढ़वाल घाटी में अब तक का पहला प्रयास है, जहां कोहरे का अवलोकन किया जा रहा है, जो कि कोहरे की प्रकृति और कारणों की व्यापक जांच करेगा। कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में कोहरे के दौरान कम दृश्यता के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं प्रमुख चिंता का विषय है। प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि मैदानी क्षेत्रों में देखे जाने वाले कोहरे की तुलना में इस क्षेत्र में होने वाले कोहरे की प्रकृति उथली है। इस क्षेत्र में दृश्यता पैटर्न में उतार-चढ़ाव के साथ कोहरे की अवधि कम रहती है। आगे गहनता से जांच करने पर इस क्षेत्र में कोहरे के जीवन चक्र से उसकी क्रियाविधि का पता लगाया जा रहा है। अध्ययन में गढ़वाल विवि भौतिकी विभाग के वायुमंडलीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के प्रभारी डॉ. आलोक सागर गौतम तथा डॉ. संदीप वाघ के समन्वय से शोधार्थी प्रसन्ना लोनकर तथा संजीव कुमार, करन सिंह एवं श्याम नारायण नौटियाल शामिल हैं। (एजेंसी)

# निर्माण साइटों पर कार्यरत मजदूरों के 46 बच्चों का किया टीकाकरण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जनपद में सड़क, होटल आदि निर्माण कार्यों में लगे प्रवासी परिवारों के टीकाकरण से वंचित पांच वर्ष तक के 46 बच्चों का टीकाकरण किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए एएनएम, आशा फेसिलिटेट, आशा कार्यकत्री को उनके क्षेत्र में निर्माण स्थलों पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आशुतोष ने बताया कि जनपद में इन दिनों श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सरकारी व निजी निर्माण के अंतर्गत सड़क, होटल, हैलीपैड आदि का कार्य तेजी से चल रहा है। नियमित टीकाकरण अनुश्रवण के दौरान इन क्षेत्रों में निर्माण कार्य में लगे प्रवासी परिवारों के बच्चों का टीकाकरण से छूटे होने की आशंका होने पर कुंड से गौरीकुड तक निर्माण साइट में लगे प्रवासी परिवारों के डेरों का सर्वे किया गया। इसके तहत प्रतिरक्षण सुपरवाइजर, एएनएम, आशा कार्यकत्री,



आशा फेसिलिटेटर, ब्लाक कार्डिनेटर आशा द्वारा कुंड से गौरीकुंड तक चलाए गए अभियान में कुंड-भैंसारी, गुप्तकाशी, नाला, खुमेरा, भेंत-सेम, ब्यूंग-कौरखी, मैखंडा, खाट, खड़िया, शेरसी, फाटा, बड़ासू, रामपुर, त्रियुगीनारण, सोनप्रयाग, गौरीकुंड में एक वर्ष तक के 44 बच्चों में से 16 तथा 01-05 आयु वर्ग के 64 बच्चों में से 30 बच्चे टीकाकरण से वंचित पाए गए। सर्वे के उपरांत एएनएम फाटा दर्शनी देवी, एएनएम गुप्तकाशी आशा राणा व रामपुर की एएनएम मीनू देवी ने अभियान चलाकर इन सभी 46 बच्चों को छूटे हुए संबंधित टीके लगा लगाए।

# भाजपा सरकार हर मोर्च पर बिफल : विधायक नेगी



नई टिहरी : थोलधार के रामगढ़ गांव में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रतापनगर विधायक ने महिला मंगल दलों को दाल पीसने, रोटाने बनाने और ग्रेवी पीसने की मशीनें भेंट की। विधायक ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान भी किया। शुक्रवार को थौलधार ब्लॉक के रामगढ़ गांव में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिये तैयार रहें। कहा भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित रही है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, पहाड़ में स्वास्थ्य सुविधाओं की हालत खराब है, पहाड़ के अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गये हैं। कहा कि भाजपा सरकारें जनता को गुमराह करने में लगी है। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद विधायक ने क्षेत्र के मंगल दल समूह को दाल पीसने, आरसे बनाने, ग्रेवी, रोटाने बनाने की मशीनें भेंट की। विधायक ने राइंका कांडीखाल में क्षेत्र के हाईस्कूल और इंटरमीडियट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।

### कंडीसौड़ अस्पताल में रिक्त पदों को भरने की उठाई मांग

नई टिहरी : जनपद में बदहाल चल रही स्वास्थ्य सेवाओं को अटैचमेंट और स्टाफ की कमी और खराब करने का काम कर रही है। जिसके बाबत बंस्यूल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जयवीर रावत ने डीएम को पत्र लिखकर मेडिकल स्टाफ का अटैचमेंट खत्म कर कंडीसौड़ अस्पताल में रिक्त पदों को भरने की मांग की है। शुक्रवार को जिपंस जयवीर रावत ने डीएम मूयर दीक्षित को पत्र सौंपकर कंडीसौड़ अस्पताल की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए थौलधार विकास खंड के देवप्रयाग अटैच नर्सिंग स्टाफ को वापस कंडीसौड़ भेजने की मांग की है। इसके साथ ही सीएमओ कार्यालय में अटैच डा. अभिलाषा को भी वापस कंडीसौड़ भेजने की मांग की है।

# राफ्टिंग दल को सीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड के नैसर्गिक सौन्दर्य के साथ ही सासहित पर्यटन के साथ ही रोजगार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना एवं सोल ऑफ स्टील के संयुक्त सहयोग से एक वॉटर राफ्टिंग अभियान का शुभारंभ किया गया। अलकनंदा तट पर 26 सदस्यीय राफ्टिंग दल को 6 गिरनेडियर के कमांडिंग आफिसर कर्नल हितेश वशिष्ट ने झंडी दिखाकर रवाना किया। आर्मी केंट में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान के उद्देश्य और साहसिक एवं एडवेंचर को बढ़ावा देने को लेकर सेना के अधिकारी एवं सोल ऑफ स्टील के सदस्यों द्वारा विचार रखे गए। जबकि इसके बाद अलकनंदा नदी तट पर जवाड़ी बाईपास में 6 ग्रिनेडियर के सीओ कर्नल हितेश वशिष्ट ने दल को फ्लेग ऑफ कर रवाना किया। उन्होंने दल को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यूएस रावत ने कहा कि उत्तराखंड में रिर्वस पलायन के साथ ही यहां साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया गया। युवा पहाड़ के प्रति आकर्षित हों इसी धारणा से इस अभियान को किया गया। वडी हिकर्स एंडवेंटर एंड वाटॅर स्पोर्ट के सीईओ राकेश सजवाण ने बताया कि दल रुद्रप्रयाग से ऋषिकेश रायवाला तक राफ्टिंग करेगा। पहले दिन शुक्रवार को श्रीनगर में विश्राम किया गया जबकि इसके बाद देवप्रयाग, कोडियाल होते हुए ऋषिकेश और रायवाला पहुंचेगा।

यह दूरी पांच दिनों में तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि दल में दो विदेशी सहित असम, उत्तराखंड, यूपी, गुजरात, पंजाब, दिल्ली आदि राज्यों के करीब 26 प्रतिभागी शामिल थे।

इस मौके पर 6 ग्रिनेडियर के सीओ कर्नल हितेश वशिष्ट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यूएस रावत, डीएफओ रुद्रप्रयाग अभिमन्यु, एसडीएम आशीष घिल्डियाल, वडी हेकर्स के सीईओ राकेश सजवाण, इंस्टेक्टर अंशुल, पंतजलि के सदस्य, भूतपूर्व सैनिक, स्कूली छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# सीएम ने टिहरी की योजनाओं पर डीएम से प्रस्ताव मांगे

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्यय की मांग पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कई अहम मुद्दों पर डीएम टिहरी को परीक्षण के उपरांत यथोचित प्रस्ताव तत्काल देने के निर्देश दिए। विधायक उपाध्याय ने भी डीएम से इन प्रस्ताव पर चुनावी आचार संहिता से पूर्व ठोस कार्यवाही को कहा है। हाल ही में सीएम पुष्कर सिंह धामी के टिहरी आगमन के दौरान टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय विभिन्न मांगों व मुद्दों को लेकर पत्र सौंपा था।

जिसमें उन्होंने हनुमंत राव कमेटी के आलोक में बांध विस्थापित एवं प्रभावितों को पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराने, नई टिहरी शहर में अतिरिक्त भूमि का नियमीतिकरण, नई टिहरी स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने, कोटी कालोनी से बौराड़ी होते हुए नई टिहरी तक रोपवे का निर्माण, कैंथोली से चंद्रबदनी मंदिर तक रोपवे का निर्माण, नई टिहरी की आंतरिक सड़कों का हाटमिक्स डामरीकरण करना, नई टिहरी दुग्ध संघ को पुनर्जीवित करने सहित विधानसभा के गांवों के लिए सड़कों की निर्माण की मांग की थी। जिस पर सीएम ने संज्ञान लेते हुए 7 जरूरी मांगों पर डीएम ने परीक्षण कर तत्काल प्रस्ताव मांगे हैं। विधायक किशोर उपाध्याय ने भी डीएम को तत्काल प्रस्ताव भेजने को कहा है, ताकि चुनावी आचार संहिता से पहले टिहरी के अहम योजनाओं कार्यवाही आगे तेजी से बढ़ सके। (एजेंसी)

## राज्य आंदोलनकारी ने दी आंदोलन की चेतावनी

रुद्रप्रयाग : वरिष्ठ उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी बीरेंद्र भट्ट ने एसडीएम से विकासखण्ड जखोली सहित जनहित की विभिन्न समस्याओं को हल करने की मांग की है। कहा कि जल्द ही समस्याएं हल नहीं होने पर वे तहसील परिसर जखोली में आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गुरुवार को तहसील जखोली में प्रभारी एसडीएम से शिष्टाचार भेंट करने गए राज्य आन्दोलनकारी बीरेंद्र भट्ट ने कहा कि विकासखण्ड़ जखोली सहित अन्य जनहित की विभिन्न समस्याओं से प्रभारी एसडीएम को अवगत कराया है। इस दौरान राज्य आन्दोलनकारी बीरेंद्र भट्ट ने कहा कि विकासखण्ड़ जखोली के विभिन्न गांवों में बंदरों की समस्या से लोग परेशान हैं। वन विभाग व प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। एसडीएम ने बंदरों की समस्या हल करने के लिए वन विभाग से वार्ता करने का आश्वासन दिया।

## कालेश्वर में सैनिक अस्पताल और कफारतीर में खुले सैनिक स्कूल

चमोली : ब्लाक के कालेश्वर में सैनिक अस्पताल और नारायणबगड़ ब्लाक के कफारतीर में सैनिक स्कूल खोले जाने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रेषित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का नाम वीसी दरवान सिंह नेगी के नाम पर करने की मांग की। शुक्रवार सुबह यहां लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भुवन नौटियाल सहित अन्य ने वीसी दरवान सिंह नेगी के पैतृक आवास पर संग्राहलय बनाने और संग्राहलय का संचालन सेना को देने, नेगी द्वारा स्थापित कर्णप्रयाग इंटर कालेज में संग्रहालय, ऑडोटोरियम और स्मारक बनाने की मांगे भी रखी। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट गुरुवार देर शाम यहां पहुंचे। लोनिवि के विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं ने भट्ट का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान भट्ट ने कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विषयों पर वार्ता की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, केपी सती, आलम सिंह पंवार, चेतन मनोड़ी, पंकज डिमरी, रामेश्वर सती, मुरलीधर चंदोला, नवीन नवानी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# नारायणबगड़ बीडीसी में छाए शिक्षा, स्वास्थ्य, उरेडा और सड़क के मुद्दे

चमोली : क्षेत्र पंचायत नारायणबगड की बैठक में सड़क, शिक्षा व सौर ऊर्जा, स्वास्थ्य, सहित पेयजल के मुद्दे छाये रहे। जबकि जन प्रतिनिधियों ने पूर्व प्रस्तावों पर कोई कार्रवाई ना होने पर आक्रोश जताया। विकासखण्ड नारायणबगड़ सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी की अध्यक्षता में आरम्भ हुई जिसमें खण्ड विकास अधिकारी राकेश मोहन नयाल द्वारा पिछली प्रस्तावों पर चर्चा करते हुऐ उनकी प्रगति रिपोर्ट सदन के सम्मुख रखा। वहीं बैठक में सौर ऊर्जा पर चर्चा करते हुऐ क्षेत्र पंचायत सदस्य पृथ्वी सिंह नेगी, प्रधान भूपेंद्र मेहरा ने गांव में लगी हुई सौर ऊर्जा की लाइटों का मेंटेनेंस ना होने के कारण बंद का मुद्दा उठाया। मत्स्य पालन पर चर्चा करते हुए प्रधान नरेंद्र सिंह और भूपेंद्र मेहरा ने कहा कि विभाग द्वारा मत्स्य पालन हेतु तालाब तो बनाए जा रहे हैं, लेकिन बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। वहीं प्रधान महेश कुमार ने कहा कि कृषि और उद्यान विभाग को कई बार घेरबाढ़ की योजनाएं दी जाने के बाद भी कार्य नहीं हो पा रहा है ना ही बीज समय पर उपलब्ध हो पा रहे हैं। वहीं पेयजल और सिंचाई पर चर्चा करते हुऐ प्रधान नरेंद्र रावत, लक्ष्मण सिंह, फते सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए जांच की मांग की। एडवोकेट पृथ्वी सिंह नेगी, जबकि सुरेन्द्र नेगी और अन्य सदस्यों ने लघु सिंचाई विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त नहरों का सुधारीकरण न किया जाने, बिजली के झूलते पोल और लाइन के मुद्दे को उठाया। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य कन्हैया प्रसाद सती, प्रधान लक्ष्मण कुमार ने राईका कौब का कालेज भवन विगत 15 वर्षों से निर्माणाधीन होने के कारण छात्रों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। जबकि सदस्यों ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों की कमी, मोटर मार्गों की जर्जर स्थिति, खाद्यान, बाल विकास, समाजकल्याण, वन विभाग, मत्स्य पालन से संबंधित समस्याओं पर जन प्रतिनिधियों द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई गई। इस अवसर पर ज्येष्ठ प्रमुख कुशल नंद सती, संजीव नौटियाल, अंशी देवी, महेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, दलवीर फरस्वान, अंकित डिमरी, अमित कुमार, शकुंतला आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## गढ़वाल शार्ट फिल्म का चयन

चमोली : युवा फिल्म मेकर सचिन राणा द्वारा निर्देशित गढ़वाली शार्ट फिल्म कुलैं डाला तौल कुछ नि जमदू (नथिंग ग्रो अंडर द पाइन ट्री) को 10वें कलकत्ता पीपल्स फिल्म फेस्टिवल और इंडियन फिल्म फेस्टिवल भुवनेश्वर में प्रदर्शन के लिए चयनित किया गया है। जो आगामी 25 जनवरी को कलकत्ता और 27 जनवरी को भुवनेश्वर में प्रदर्शित होगी। यह जानकारी देते हुए बलबीर सिंह राणा फिल्म निर्माता सचिन राणा, यशस्वी जुयाल ने बताया नथिंग ग्रो अंडर द पाइन ट्री दो बहनों की कहानी पर आधारित फिल्म है, जिसमें समाज में जनित उन भ्रान्तियों को उजागर किया गया है जो जड़वत के आगे किसी विचारों और भावनाओं को पनपने नहीं देता है। फिल्म की मुख्य भूमिका में कुमारी आकृति राणा, सोनी राणा हैं और सह भूमिका में राजेंद्र सिंह राणा, शदेवेश्वरी देवी राणा, भरत सिंह राणा, सुरमा देवी राणा आदि हैं। (एजेंसी)


उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
विभाग: Electrical (TRD)
टेंडर नं.: T-24-TRD-MB-23-24
निविदा प्राप्त करने की अंतिम दिनांक एवं समय: 12.02.2024 at 15:00 Hrs
बिड सिक्यूरिटी राशि (₹): Rs.2,24,000/-
निविदा प्रपत्र मूल्य (₹): शून्य
ऑफर की वैधता (दिन): 60 दिन
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता www.ireps.gov.in
दिनांक: 18.01.2024 243/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
क्र.सं. 01 | निविदा संख्या 97245017 | मात्रा 05 Nos.
विवरण संख्या CONTR-LCCF 20(C) 96 REV 2 ... फरवरी 2010 ... क्रमांक 2
बयाना राशि 50740/- | अनुमानित मूल्य रू. 2537000/-
निविदा खुलने की तिथि 16-FEB-24 11:00 AM
नोट:- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
मैन्युल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। पत्र सं.: 50-S/LP/2023
दिनांक: 17.01.2024 229/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक दिवसीय जाख मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त



रुद्रप्रयाग : जनपद के सीमांत गांव गडगू में एक दिवसीय जाख मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कून तोक पर पौराणिक मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। ऊखीमठ ब्लॉक की ग्राम सभा गडगू में हर साल 5 गते को जाख मेला आयोजित किया जाता है। मेले में गडगू से 4 किमी. दूर बुग्यालों की ओर कून तोक में पौराणिक मन्दिर में एक दिवसीय पूजा-अर्चना की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्तों ने पूजा-अर्चना में भाग लेकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। शाम को भगवान जाख देवता यक्षराज की डोली ने पौराणिक मन्दिर से गडगू की ओर अपने मूल मन्दिर में आने से पहले भी भक्तों को दर्शन दिया और फिर अपने स्थान पर चली जाएगी। इस उत्सव को लेकर युवाओं द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। जिपंस विनोद राणा ने बताया कि एक दिवसीय मेले में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। (एजेंसी)


उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टिटी संख्या: U40109UP2001SGC025867/2368
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार
निविदा सूचना
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त ... एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में ... दिनांक 07.02.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 06.02.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। ... अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 28/ 2023-24 | ₹1000/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम पट्टू आकरा पेयजल योजना में विद्युतीकरण हेतु लाइन निर्माण कार्य। | 33000.00 |
| 29/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड तृतीय जयहरीखाल के अन्तर्गत ग्राम मेलधार पेयजल योजना में विद्युतीकरण हेतु लाइन निर्माण कार्य। | 10000.00 |

पत्रांक: 97/वि.वि.खं.को./टी-6 दिनांक: 19.01.2024 अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

## सम्पादकीय

# म्यांमार सीमा पर चुनौती

इस बीच म्यांमार के अंदर की घटनाएं और भी ज्यादा चिंता का कारण बन रही हैं। म्यांमार के कई हिस्सों में विद्रोह से जूझ रहे सैन्य शासन के लिए नई चुनौतियां पेश आ रही हैं। इससे भारत की सीमाई चुनौती ज्यादा गंभीर हुई है। यह खबर भारत के लिए चिंताजनक है कि म्यांमार के पश्चिमी रखाइन प्रांत में सक्रिय एक नस्लीय हथियारबंद गुट ने भारत–बांग्लादेश सीमा के पास एक शहर पर कब्जा कर लिया है। सशस्त्र समूह अराकान आर्मी ने यह दावा किया है। इस गुट ने जिस शहर को कब्जा करने का दावा किया है उसका नाम पालतेवा है। म्यांमार से लगी सीमा पहले से भारत के लिए सिरदर्द बनी हुई है। मणिपुर में जारी हिंसा के क्रम में इसकी चर्चा हुई है। बल्कि यह खबर भी आई थी कि भारत सरकार ने म्यांमार से लगी सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। लेकिन उसका मिजोरम सरकार ने जोरदार विरोध किया है। सीमाई इलाकों में आर–पार समान जनजातीय समुदाय रहते है, जिनके बीच आपसी रिश्ते हैं। ये लोग सीमा को पार कर एक से दूसरी तरफ आते–जाते रहते हैं। इसलिए 1970 के दशक से भारत ने वहां इस मामले में उदार नीति अपना रखी है। लेकिन अब उस पर पुनर्विचार हो रहा है।

इस बीच म्यांमार के अंदर की घटनाएं और भी ज्यादा चिंता का कारण बन रही हैं। म्यांमार के कई हिस्सों में विद्रोह से जूझ रहे सैन्य शासन के लिए नई चुनौतियां पेश आ रही हैं। हाल में म्यांमार में सैनिक शासन विरोधी गुटों ने कई सैन्य चौकियों और कस्बों पर नियंत्रण कर लिया है। ताजा घटना भी उसी सिलसिले से जुड़ी हुई है। अराकान आर्मी के एक प्रवक्ता ने कहा कि उसने पालतेवा शहर पर कब्जा कर लिया है। कलादान नदी के तट पर स्थित यह शहर पड़ोसी देशों के साथ एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग है। अराकान सेना का दावा है कि उसके पास लगभग 30,000 हथियारबंद लोग हैं और यह सरकार विरोधी त्रिपक्षीय ब्रदरहुड अलायंस का हिस्सा हैं। इस घटना से सीमाई इलाकों में एक नई परिस्थिति बनेगी। विद्रोही गुटों ने कुछ समय पहले चीन की सीमा से लगे एक प्रांत पर कब्जा कर लिया था। तब चीन ने मध्यस्थता की। नतीजतन, विद्रोही गुट और सैन्य शासन के बीच एक करार हुआ। इस तरह चीन ने अपने सुरक्षा हितों की रक्षा की। क्या भारत को भी ऐसी पहल नहीं करनी चाहिए?

# मुफ्त की रेवड़ी और बढ़ता कर्ज का बोझ

**अजय दीक्षित**



स्वयं प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों द्वारा जनकल्याण की बात कह कर लोगों को टैक्स व अन्य सेवाओं के लिए लिया जाने वाला प्रभार माफ करके जरूर वाहवाही लूटी होगी । परन्तु इससे उन राज्यों पर कर्ज का जो बोझ बढ़ गया है, वह चिन्तनीय है । स्वयं रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया चेता चुका है कि राज्यों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट भी चुनाव आयोग को निर्देश दे चुका है कि इन राजनैतिक दलों से पूछें कि मुफ़्त की घोषणा के लिए वित्तीय विधान कैसे किया जायेगा ।

दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने के बाद अरविन्द केजरीवाल ने सबसे पहले इस मुफ्त की रेवड़ी की बात शुरू की थी कि दिल्ली के किसी निवासी को बिजली का बिल नहीं देना है । फिर फ्री पानी, फ्री राशन, फ्री चिकित्सा सेवा आदि की घोषणा की गई । बाद में मुख्यतः कांग्रेस ने कम दाम पर गैस सिलेण्डर आदि की घोषणा की । मोदी जी की स्वयं की आलोचना के बाद अब भाजपा शासित राज्य भी फ्री की रेवड़ी बांटने में पीछे नहीं है । अब तो शायद ही कोई राजनैतिक दल होगा जिसने फ्री की बात नहीं की है । मध्य प्रदेश में चुनाव से कुछ पहले महिलाओं को हर माह 1200/– की सहायता ने मध्य प्रदेश में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत दिलवाया । कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश ने पिछले साल जितना कर्ज लिया था उतना अब तीन राज्य तीन महीने में ही ले लेंगे । तेलंगाना में कांग्रेस ज्यादा कर्ज नहीं ले पायेगी, क्योंकि के.सी.आर. की सरकार 87त्न कर्ज पहले से ही ले चुकी है । पूरे साल जितना कर्ज रिजर्व बैंक से ले सकते हैं उसका 80त्न राजस्थान सरकार को एक माह में ही ले लेना पड़ेगा ताकि गैस सिलेण्डर में रियायत, बिजली बिल में माफी आदि के वादे पूरे कर सकें ।

सन् 2023 के चुनाव में मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ दल ने जो वादे किये हैं वे इस प्रकार हैं:–

ड्ट मध्य प्रदेशः 1.31 करोड़ महिलाओं को लाड़ली बहना और गैस सिलेण्डर पर 1708 रु./माह देना है। 44.13 लाख बिजली उपभोक्ताओं को 388 रु./माह सब्सिडी देना है। इन दोनों योजनाओं के लिए सालाना खर्च 21,696 करोड़ रुपये है ।

ड्ट राजस्थानः 450 रु. में सिलेण्डर देने के लिए हर साल 3,720 करोड़ चाहिये। रियायती बिजली योजना चालू है। खर्च हर माह 595. करोड़। पुरानी सरकार की स्मार्टफोन योजना के लिए 3700 करोड़ चाहिए। कुल सालाना खर्च 14,560 करोड़।

**छत्तीसगढ़ः मौजूदा सरकार की महतारी योजना में 60**

लाख महिलाओं को 1 हजार रु/माह दिये जा रहे हैं। सालाना बोझ 7,200 करोड़ रु.। पुरानी सरकार की 13,400 करोड़ की सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाएं भी जारी हैं।

रिजर्व बैंक से कर्ज लेकर यह राज्य अपने लोक लुभावन वादे पूरे करेंगे । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने राज्यों का जनवरी–मार्च तिमाही में उधारी का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके असार सभी राज्य इस अवधि में 4.13 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बाजार से लेंगे। जारी वर्ष 2023–24 में अप्रैल से अक्टूबर के बीच 7 महीने में कुल 2.58 लाख करोड़ रुपये बाजार से उठाए थे। यानि अगले तीन माह में वे 7 माह में जुटाई राशि से 60त्न ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। राशि उठाने वाले राज्यों में कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ टॉप टेन में शुमार हैं। इन राज्यों के विधानसभा चुनाव 2023 में हुये हैं। मध्य प्रदेश, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ तो इन तीन महीनों में जो कर्ज ले रहे हैं, वह 2022–23 के 12 महीनों से भी ज्यादा है।

मध्य प्रदेश राजस्थान और छत्तीसगढ़ की उधारी इस प्रकार है––

मध्यप्रदेश अगले तीन माह में कुल 37.5 हजार करोड़ कर्ज लेगा। पिछले सात माह में यह कर्ज केवल 15 हजार करोड़ था। इसे मिलाकर 31 मार्च तक उस का सालाना कर्ज 50 हजार करोड़ से ज्यादा हो सकता है। यह अपने आप में रिकॉर्ड होगा। राज्य ने 2022–23 में केवल 26,849 करोड़ रुपए कर्ज लिया था। यानि अगले तीन माह में वह पिछले पूरे साल के कर्ज से भी 39.68त्न ज्यादा कर्ज ले रही है। कर्नाटक तो पिछले पूरे साल से 127त्न राशि केवल तीन माह में उठा लेगी। छत्तीसगढ़ ने तो पिछले साल कर्ज ही नहीं लिया था। अलबत्ता पुराना कर्ज ही 2,227 करोड़ रुपए चुकाया था। इस बार वह तीन माह में 11,000 करोड़ की बड़ी राशि बतौर कर्ज लेने जा रही है।

असल में शुद्ध राजनीति में फ्री नहीं लोगों का सशक्त बनायें ।हनुमान चालीसा में हम मांगते हैं ––बल, बुद्धि, विद्या देऊ मोई यानि विद्या सीखकर बुद्धि का प्रयोग कर हम आर्थिक रूप से बल प्राप्त करते हैं ।

# कुख्यात ट्रंपः अमेरिका की पहली पसंद!

**श्रुति व्यास**

हम लाख मखौल उड़ाएं लेकिन अमेरिका की पहली पसंद तो डोनाल्ड ट्रंप हैं। हाल फिलहाल के लिए, कम से कम यह तो मानना ही हैं कि वे अमेरिका के रिपब्लिकनों की पहली पसंद हैं। सोमवार की रात डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव का पहला मुकाबला जीता। रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के इच्छुक अन्य नेताओं को उन्होंने बहुत आसानी से हरा दिया। इस पूर्व राष्ट्रपति के उपासक इतने हैं कि कोई और उनके मुकाबले में ठहर ही नहीं पाया। वे डिबेट्स से गायब रहे और रिपब्लिकन समर्थकों के सामने उनके विकल्पों का ढेर था।बावजूद इसके ट्रंप फिर भी पहली पसंद! आयोवा कॉकस में उनकी धमाकेदार जीत से साफ़ है कि वे लोगों को बहुत ज्यादा भा रहे हैं।

पिछले आठ सालों से ट्रंप के अपने समर्थकों से जो रिश्ते हैं, उनकी कोई सानी नहीं है। वे अपने समर्थकों को सही बताते हैं, उनका मनोरंजन करते हैं, उनके लिए खड़े होते हैं और अपने राजनैतिक और कानूनी लाभ के लिए उनका इस्तेमाल भी करते हैं। समर्थक इस सबसे खुश हैं, बहुत खुश हैं। और यही कारण है कि चार आपराधिक प्रकरणों में 91 अपराधों का आरोपी होने के बावजूद ट्रंप समर्थकों की पहली पसंद हैं।उन्हे रिपब्लिकन पार्टी में चुनौती देने वाला कोई नजर नहीं आता। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे लम्बी रेस का घोड़ा हैं।

राष्ट्रपति चुनाव के सिलसिले में रिपब्लिकन पार्टी पर ट्रंप जिस तरह छाए हुए हैं, उसे देखकर यह विश्वास ही नहीं होता कि उनके अभियान की शुरूआत में उनकी स्थिति किस कदर कमजोर थी। मिडटर्म (सन 2022) में हुए चुनावों में ट्रंप–समर्थित उम्मीदवारों की हार के बाद कई रिपब्लिकनों को लगने लगा था कि अमेरिका की जनता का ट्रंप से जी भर गया है। अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए मारलागो में ट्रंप ने जो भाषण दिया था उसमें न जोश था और न तीखापन। इससे भी ऐसा लगा कि मानों उनका सूरज अस्ताचल की ओर जा रहा है।मगर आज 15 महीने बाद, ट्रंप फिर सबसे ऊपर हैं और यदि किसी की रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की सबसे ज्यादा सम्भावना है तो वे ट्रंप ही हैं। उन्हें कुछ नहीं रोक पाया झ आपराधिक–अदालतदी मामले तो बिल्कुल ही नहीं। बल्कि वे अपने समर्थकों को यकीन दिलाने में सफल हैं कि वे गलत हो ही नहीं सकते, वे कभी हार ही नहीं सकते। उनके आकर्षण की चकाचौंध में उनके दोष नज़र ही नहीं आ रहे है। उनके पक्के समर्थक रैलीयों में उनकी जय–जयकार कर रहे हैं और ज़मीनी स्तर पर उनके लिए काम में जुटे हैं।ट्रंप के कानूनी झमेले समर्थकों के लिए अहमियत नहीं रखते। अपने प्रचार में ट्रंप की भाषा और कडक़ होती जा रही है। उन्होंने साफ़ कर दिया है कि वे अपनी दूसरी पारी में अपने राजनैतिक विरोधियों को मज़ा चखाएंगे।चुनावों पर हिंसा का खतरा मंडरा रहा है और अधिकारियों व जजों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। फाइवथर्टीएट नामक वेबसाइट, जो चुनाव सर्वेक्षणों का विश्लेषण करती है, के अनुसार अमेरिकी रिपब्लिकनों में से 63 फीसदी ट्रंप के साथ हैं। यहाँ तक कि 2020 में जो बाइडन की स्थिति से ट्रंप की आज की स्थिति बेहतर है।यद्यपि आयोवा में ट्रंप की जीत निर्णायक थी मगर यह भी साफ़ हुआ है कि सत्ता में उनकी वापसी को लेकर पार्टी विभाजित है। आयोवा के करीब आधे रिपब्लिकनों ने ट्रंप के किसी न किसी प्रतिद्वंदी को वोट दिया। करीब 20 प्रतिशत ने रॉन डेसेंटिस का समर्थन किया, जो दूसरे नंबर पर रहे। उनके ठीक पीछे निक्की हैली थी। एंट्रेंस पोल्स (एग्जिट पोल्स की तरह, मगर जिसमें मतदाता से मतदान केंद्र में घुसने से पूर्व पूछा जाता है कि वो किसे अपना मत देगा), जिन रिपब्लिकनों ने ट्रंप का विरोध किया उनमें गर्भपात का अधिकार देने के विरोधी रूढ़ीवादी तत्व शामिल थे। उन्होंने डेसेंटिस का साथ दिया। डेसेंटिस और हैली दोनों की यही कोशिश है कि ट्रंप पर सीधे हमले करने की बजाय, ट्रंप के उनके समर्थकों के साथ रिश्ते कमज़ोर किये जाएं। मगर ट्रंप का विकल्प बनने की दौड़ में शामिल होने और उसमें जीत हासिल करने के लिए समय बहुत कम बचा है। अन्य उम्मीदवारों को जो भी करना है, वो जल्द से जल्द करना होगा। अब फोकस न्यू हैम्पशायर पर है जहाँ रिपब्लिकन उम्मीदवार के चयन का अगला प्राइमरी मुकाबला होना है।

आयोवा के मुकाबले के साथ अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की शुरुआत हो गयी है। दोनों पार्टियों के प्राइमरी मुकाबलों के नतीजे में माना जाने लगा है कि अमेरिका के अब तक के सबसे उम्रदराज और फिलहाल सबसे अलोकप्रिय राष्ट्रपति जो बाइडन को गलियाने के लिए उनके सामने कुख्यात डोनाल्ड ट्रंपही होंगे।



**पिछले आठ सालों से ट्रंप के अपने समर्थकों से जो रिश्ते हैं, उनकी कोई सानी नहीं है। वे अपने समर्थकों को सही बताते हैं, उनका मनोरंजन करते हैं, उनके लिए खड़े होते हैं और अपने राजनैतिक और कानूनी लाभ के लिए उनका इस्तेमाल भी करते हैं। समर्थक इस सबसे खुश हैं, बहुत खुश हैं। और यही कारण है कि चार आपराधिक प्रकरणों में 91 अपराधों का आरोपी होने के बावजूद ट्रंप समर्थकों की पहली पसंद हैं।उन्हे रिपब्लिकन पार्टी में चुनौती देने वाला कोई नजर नहीं आता। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे लम्बी रेस का घोड़ा हैं। राष्ट्रपति चुनाव के सिलसिले में रिपब्लिकन पार्टी पर ट्रंप जिस तरह छाए हुए हैं, उसे देखकर यह विश्वास ही नहीं होता कि उनके अभियान की शुरूआत में उनकी स्थिति किस कदर कमजोर थी। मिडटर्म (सन 2022) में हुए चुनावों में ट्रंप–समर्थित उम्मीदवारों की हार के बाद कई रिपब्लिकनों को लगने लगा था कि अमेरिका की जनता का ट्रंप से जी भर गया है। अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए मारलागो में ट्रंप ने जो भाषण दिया था उसमें न जोश था और न तीखापन। इससे भी ऐसा लगा कि मानों उनका सूरज अस्ताचल की ओर जा रहा है।**

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का नेपाल से बड़ा कनेक्शन!



काठमांडू ,अयोध्या 22 जनवरी को राम मंदिर में बहुप्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयार हो रही है। इस भव्य आयोजन के साथ नेपाल का एक बड़ा कनेक्शन भी जुड़ा हुआ है। नेपाल के जनकपुर से 500 से अधिक सजी हुई उपहार टोकरियां अयोध्या भेजी गईं। जनकपुर को सीता मां का जन्मस्थान माना जाता है। नेपाल ने अपने नागरिकों से 22 जनवरी को आरती और विशेष पूजा करने के साथ-साथ उस दिन शराब और मांसाहारी भोजन की बिक्री रोकने का आह्वान किया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय द्वारा भेजे गए एक पत्र के अनुसार, नेपाली पुजारी, आचार्य दुर्गा प्रसाद गौतम 22 जनवरी को विशेष धार्मिक समारोह का नेतृत्व करेंगे। गौतम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सैकड़ों हजारों हिंदू भक्तों के सामने वैदिक मंत्रों का पाठ करेंगे। 25 वर्षीय राम मंदिर के पुजारी हैं और अप्रैल 2020 से इससे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, अप्रैल 2020 में भूमि पूजन के बाद से मैं सभी धार्मिक कार्यों से जुड़ा रहा हूं। मैं भगवान राम की सेवा कर खुश हूं। इस बीच, जनकपुर में राम-जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत राम तपेश्वर दास को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। महंत राम तपेश्वर दास और उनके उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास, जो इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, को विशेष स्थान दिया जाएगा क्योंकि वे सीता के जन्मस्थान से हैं।

## 21 को सभी जिला कार्यालयों पर सुंदर कांड का पाठ करवाएगी आप : ढांडा

जींद , आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्राण प्रतिष्ठा के इस अवसर पर 21 जनवरी को पूरे हरियाणा में पार्टी के सभी जिला मुख्यालयों पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन करेगी। हाल ही में आम आदमी पार्टी ने पूरी दिल्ली में भी सुंदर कांड पाठ करवाया था, जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पूरे परिवार के साथ सुंदर कांड पाठ में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि श्री राम हम सबके हैं, इसलिए आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर और जिले के सभी लोगों को निमंत्रित करके सुंदर कांड पाठ किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ जींद जिलाध्यक्ष वजीर ढांडा, वीरेंद्र आर्य, पुरुषोत्तम शर्मा और गणेश कौशिक मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जींद में 28 जनवरी को बदलाव महासभा का आयोजन किया जा रहा है और ये आयोजन अभूतपूर्व है। जहां आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान अपनी विचारधारा लोगों के सामने रखेंगे और बदलाव के अलख की शुरुआत होगी। हरियाणा में ये अद्भुत संगम होने जा रहा है, जिसमें हरियाणा के सात हजार गांव और एक हजार से ज्यादा वार्ड से लोग पहुंचेंगे। पहली बार जींद में मिनी हरियाणा देखने को मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन से बुरी तरह से बौखलाई हुई है। भाजपा को अपनी हार स्पष्ट रूप से नजर आने लगी है, जिसका ट्रेलर आज देखने को मिला। आज चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव होना था, जिसको भाजपा ने कुछ कुछ वजह बताकर टालने की कोशिश की और बहाना बनाया कि प्रिजाइडिंग आफिसर की तबीयत ठीक नहीं है। आम आदमी पार्टी पूछना चाहती है कि यदि कल को मुख्य चुनाव आयुक्त की तबीयत खराब हुई तो क्या भाजपा देश का चुनाव भी रोक देगी?

## कस्तूरी, विदेशी गिलहरी की खाल की तस्करी के आरोप में पूर्व सिक्किम पुलिसकर्मी गिरफ्तार

कोलकाता , पश्चिम बंगाल वन विभाग ने सिक्किम पुलिस के एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी को तस्करी के आरोप में दार्जिलिंग जिले के बागडोगरा के पास एक होटल से विदेशी वन्यजीव कस्तूरी और दुर्लभ हिमालयी गिलहरी की खाल के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी को गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया और उसकी पहचान सिक्किम के सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक डैनी शेरिंग भूटिया (63) के रूप में हुई। यहां तक कि उनकी पत्नी भी सिक्किम पुलिस में बड़े पद पर थीं। भूटिया के कब्जे से दुर्लभ कस्तूरी के दो टुकड़े और विदेशी हिमालयी गिलहरी की खाल बरामद की गई। राज्य वन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, जब्त की गई वस्तुओं की अनुमानित बाजार कीमत 5 करोड़ रुपये से कम नहीं होगी। बागडोगरा के रेंज अधिकारी सोनम भूटिया के अनुसार जब्त की गई दोनों वस्तुएं बेहद दुर्लभ और विदेशी हैं और इसलिए उनकी बरामदगी की घटनाएं भी काफी दुर्लभ हैं। उन्होंने कहा कि राज्य वन विभाग के अधिकारियों को उसी होटल के एक निवासी द्वारा सतर्क किया गया था, जहां सिक्किम पुलिस का आरोपी पूर्व पुलिसकर्मी शुक्रवार को रुका था। छापेमारी टीम के एक अधिकारी ने कहा, हमें सचेत करने वाले व्यक्ति ने कहा कि उसने आरोपी को किसी ऐसे व्यक्ति से बात करते हुए सुना था जो शायद दिल्ली से आ रहा था। बातचीत के दौरान आरोपी ने उन दो वस्तुओं का जिक्रकिया जिन्हें सौंपा जाना था। हमारे अधिकारियों ने होटल के उस कमरे पर छापा मारा, जिसे आरोपी ने किराए पर लिया था और वहां से वन्यजीव संबंधी वस्तुएं जब्त की गईं और सिक्किम पुलिस के आरोपी पूर्व पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पूर्व पुलिसकर्मी को शुक्रवार को दार्जिलिंग जिले की निचली अदालत में पेश किया जाएगा। हालांकि वह सिक्किम का रहने वाला है, लेकिन जब्त की गई खेप को सौंपने के लिए वह बागडोगरा आया था। पश्चिम बंगाल वन विभाग के अधिकारियों ने सिक्किम में अपने समकक्षों के साथ-साथ वहां की राज्य पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दे दी है।

# लॉन्ग कोविड में सेल डैमेज का क्या है कारण, वैज्ञानिकों ने किया डिकोड

नई दिल्ली ,19 जनवरी (आरएनएस)। स्विस शोधकर्ताओं की एक टीम ने पहचाना है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा, लंबे समय तक रहने वाले कोविड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सार्स-सीओवी-2 वायरस से संक्रमित अधिकांश लोग गंभीर बीमारी के बाद ठीक हो जाते हैं। हालांकि, संक्रमित लोगों में कुछ को लंबे समय तक चलने वाले लक्षण विकसित होते रहते हैं। लॉन्ग कोविड के कारण अभी भी अज्ञात हैं, और कोई नैदानिक परीक्षण या उपचार नहीं हैं। स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख विश्वविद्यालय (यूजेडएच) के अध्ययन ने इस बारे में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के एक हिस्से की भूमिका को इंगित किया जो आम तौर पर संक्रमण से लड़ने और क्षतिग्रस्त और संक्रमित शरीर कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है।यूजेडएच में इम्यूनोलॉजी के प्रोफेसर ओनूर बॉयमैन ने कहा, लंबे समय तक कोविड वाले रोगियों में, प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा जिसे पूरक प्रणाली कहते हैं, अपनी मूल स्थिति में वापस नहीं आती, बल्कि सक्रिय रहती है और इस प्रकार, स्वस्थ शरीर की कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाती है। जर्नल साइंस में प्रकाशित अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के बाद एक वर्ष तक 113 कोविड रोगियों का अध्ययन किया और उनकी तुलना 39 स्वस्थ लोगों से की।

छह महीने के बाद, 40 रोगियों में सक्रिय लांग कोविड बीमारी थी। अध्ययन प्रतिभागियों के रक्त में 6,500 से अधिक प्रोटीन का तीव्र संक्रमण के दौरान और छह महीने बाद विश्लेषण किया गया। बॉयमैन की टीम में शामिल पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता कार्ली सर्विया-हस्लर ने समझाया, लॉन्ग कोविड में किन प्रोटीनों में बदलाव किया गया, इसके विश्लेषण से पूरक प्रणाली की अत्यधिक गतिविधि की पुष्टि हुई। सक्रिय लॉन्ग कोविड वाले रोगियों में भी रक्त का स्तर ऊंचा था, जो लाल रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स और रक्त वाहिकाओं सहित शरीर की विभिन्न कोशिकाओं को नुकसान का संकेत देता है।

एक्टिव लॉन्ग कोविड में ब्लड प्रोटीन में परिवर्तन पूरक प्रणाली के प्रोटीन के बीच संबंध का संकेत देते हैं, जो रक्त के थक्के जमने और टीशू क्षति और सूजन की मरम्मत में शामिल होते हैं। इसके विपरीत, लंबे समय तक बीमारी से उबरने वाले कोविड रोगियों का रक्त स्तर छह महीने के भीतर सामान्य हो गया। इसलिए सक्रिय लॉन्ग कोविड की पहचान रक्त में प्रोटीन पैटर्न से होती है। बॉयमैन ने कहा, हमारा काम न केवल बेहतर निदान की नींव रखता है, बल्कि नैदानिक अनुसंधान का भी समर्थन करता है जिनका उपयोग पूरक प्रणाली को विनियमित करने के लिए किया जा सकता है।

## अनाथ बच्चों को अपनाने के लिए आगे आए समाज का सम्पन्न वर्ग? : सुक्खू

शिमला ,मुख्यमंत्री एवं हिमाचल प्रदेश बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार सायं ओक ओवर, शिमला में शिशु गृह टूटी कंडी शिमला में पल रही अनाथ बेटी चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ज्योति (काल्पनिक नाम) का उसके भावी माता-पिता को दत्तक ग्रहण करवाया।

उन्होंने ज्योति के भावी माता-पिता को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे शिशु गृह व आश्रमों में पल रहे अनाथ किशोर बच्चों को अपनाने (दत्तक ग्रहण) के लिए आगे आएं ताकि इन बच्चों का सुखद व उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर व गरीब वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार ने अनाथ व असहाय वर्गों के दर्द को समझा और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आरंभ की है। प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चों की अब प्रदेश सरकार ही माता, सरकार ही पिता है और इन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट्स के रूप में अपनाया है।

# अश्विनी वैष्णव बोले- भारत सबसे भरोसेमंद देश, सेमीकंडक्टर पर कई देशों ने किए करार

नई दिल्ली ,। विश्व आर्थिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के बैटल ऑफ चिप सत्र में केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत की विदेश और आर्थिक नीति बहुत स्पष्ट है। इस सत्र में उनसे पश्चिमी देशों ने चीन और भारत के बीच सही चयन पर सवाल किया था।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत पर बहुत भरोसा की नजर से देख रही है। दुनियाभर के निवेशकों के लिए भारत सुरक्षित स्थान है। इसका सीधा उदाहरण है हमने अमेरिका, यूरोप और जापान से हुए समझौते। वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर को लेकर हमने दक्षिण कोरियाई कंपनियों के साथ करार किए। इन समझौतों से साफ है कि सेमीकंडक्टर में काम करने वाले देश और उनकी दिग्गज कंपनियां भारत के साथ काम करने की इच्छुक हैं। भारत ने सेमीकंडक्टर चिप बनाने का फैसला किया है। आने वाले दस वर्षों में इस क्षेत्र में बड़े परिवर्तन होने की संभावनाएं हैं। हमारी समझ से हर किसी के लिए पर्याप्त विकल्प होंगे। सबसे जरूरी है कि हम इसे कितना महत्व देते हैं, कितनी प्रतिभा लगाते हैं और कितना ध्यान केंद्रित करते हैं।वैष्णव ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र विकास की अगली लहर के लिए तैयार है और इसमें विश्वास व लचीलापन दो प्रमुख कारक होंगे। वैष्णव ने कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र को प्रतिभा के मोर्चे पर निकट सहयोग करने और सही कौशल सेट बनाने के सक्रिय तरीके पर विचार करने की आवश्यकता होगी। व्यापार और उद्योग में बदलाव और समाज को प्रभावित करने वाले विनिर्माण दिग्गजों की संभावनाओं पर वैष्णव ने कहा कि इसके कई पहलू हैं लेकिन विश्वास और लचीलापन सबसे प्रमुख कारक होंगे।अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत अगले कुछ सालों में वार्षिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 100 अरब डॉलर का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने कहा कि हम अगले पूरे दशक में 6-8 फीसदी लगातार विकास दर देख रहे हैं और यह एक बहुत ही स्पष्ट रूप से सोची-समझी रणनीति पर आधारित है।भारत समेत 20 देशों के मंत्री स्वच्छ ऊर्जा पर सहमत भारत समेत 20 देशों के मंत्रियों और सीईओ ग्लोबल साउथ के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए आवश्यक अनुमानित 2.2-2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के इस्तेमाल के लिए विश्व आर्थिक मंच गठबंधन में शामिल हुए।

## सांड को जबरदस्ती जिंदा मुर्गा खिलाने के आरोप में यूट्यूबर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

चेन्नई ,तमिलनाडु के सलेम जिले में एक सांड को जबरदस्ती जिंदा मुर्गा खिलाने के आरोप में एक यूट्यूबर और उसके साथियों पर केस दर्ज किया गया है।

एफआईआर पशु अधिकार कार्यकर्ता और चेन्नई स्थित पशु संरक्षण समूह, पीपल फॉर कैटल इन इंडिया (पीएफसीआई) के संस्थापक अरुण प्रसन्ना की शिकायत पर दर्ज की गई। प्रसन्ना की थारमंगलम पुलिस को दी गई शिकायत कुछ दिन पहले यूट्यूबर द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो पर आधारित थी। वीडियो में जल्लीकट्टू के लिए प्रशिक्षण ले रहे एक सांड को जबरदस्ती जिंदा मुर्गा खिलाया जा रहा था। प्रसन्ना ने आरोप लगाया कि यूट्यूबर द्वारा अपलोड की गई इंस्टाग्राम क्लिप में एक सांड को कांटों से पकड़ा हुआ था। सांड को जबरन जिंदा मुर्गा खिलाया गया।

## मौसम में सुधार, कश्मीर में बर्फबारी की भविष्यवाणी

श्रीनगर , कश्मीर में ठंड और शीत लहर जारी रही, जबकि जम्मू में शुक्रवार को मौसम में सुधार हुआ। मौसम विभाग विभाग ने 21 दिसंबर से शुरू हुए 40 दिवसीय चिल्लई कलान्न के बाकि हिस्से के दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। मैदानी इलाकों में पिछले तीन महीनों के दौरान लगभग कोई बारिश और बर्फबारी नहीं हुई है। शुक्रवार को श्रीनगर का न्यूनतम तापमान माइनस 4.9, गुलमर्ग का माइनस 3.6 और पहलगाम का माइनस 6.3 डिग्री सेल्सियस रहा। रात का सबसे कम तापमान लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में माइनस 15.1, कारगिल में माइनस 12.6 और द्रास में माइनस 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 5, कटरा में 6.4, बटोटे में माइनस 1.7, भद्रवाह में माइनस 0.4 और बनिहाल में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

# अगर सीट शेयरिंग नहीं हुई तो कुछ दल बना सकते हैं अलग गठबंधन, इंडिया अलांयस पर बोले फारूक अब्दुल्ला



नई दिल्ली ,देश के कई राज्यों में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, लेकिन अभी तक इंडी गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं हो सका। इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने इंडी गठबंधन में फूट पड़ने की बात कही है। फारूक अब्दुल्ला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि सीट शेयरिंग पर गठबंधन में शामिल दलों के बीच सहमति नहीं बन पाती है तो अलायंस में शामिल कुछ पार्टियां अलग गठबंधन बना सकती हैं। फारूक ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए काफी कम समय बचा है, ऐसे में गठबंधन में समय रहते ही सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए, यदि नहीं होता है तो ये अलायंस के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि यदि देश को बचाना है, तो हमें मतभेदों को भूलना होगा और देश के बारे में सोचना होगा। फारूक ने कहा कि अगर अभी सीट शेयरिंग नहीं होती तो यह संभव है कि कुछ लोग एक साथ आकर एक अलग दल बना लें, जो अलायंस के लिए आगामी चुनावों में चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। हालांकि, अभी समय है इसलिए इस बारे में गठबंधन को जल्द सहमति बनानी चाहिए। एनसी नेता ने कहा कि पार्टियों को केवल वहीं सीटें मांगनी चाहिए जहां उनका दबदबा है तब ही वह जीत हासिल कर सकते हैं, जहां उनका दबदबा नहीं हैं वहां सीटें मांगना गलत है।

# जोंटी रोडस ने श्रीलंका क्रिकेट से जुड़ने से किया इन्कार



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी जोंटी रोड्स ने श्रीलंका के सलाहकार कोच बनने से इनकार कर दिया। 18 जनवरी को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर यह बताया था कि जोंटी रोड्स को सलाहकार कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। अब जोंटी रोड्स ने श्रीलंका क्रिकेट से जुड़े होने से इनकार कर दिया है।

एसएलसी की एक विज्ञप्ति में कहा गया था कि रोड्स को भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण और श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम के पूर्व फिजियोथेरेपिस्ट एलेक्स कोंटूरी के साथ सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। शासी निकाय ने इन नियुक्तियों के महत्व को बताते हुए एक विज्ञप्ति भी जारी की और कहा कि यह देश में खेल की उन्नति के लिए है।

जोंटी रोड्स ने किया इनकार

हालांकि, आधिकारिक घोषणा के एक दिन बाद जोंटी रोड्स ने स्पष्ट किया कि उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट के साथ किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। रोड्स वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जाइंट्स और रअ20 में डरबन सुपर जाइंट्स से जुड़े हुए हैं। रोड्स ने एक्स पर पोस्ट किया, "यह मेरे लिए खबर है अपने तथ्य जांचें।"

# सावधान भारतीय टीम! इन 3 कारणों से इंग्लैंड जीत सकता है टेस्ट सीरीज



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 25 जनवरी से खेली जाएगी। पहला टेस्ट मैच हैदराबाद में खेला जाएगा। पहले मैच के लिए दोनों टीमें पूरी तरह तैयार हैं। स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने को तैयार है। वहीं, इंग्लैंड ने भी कमर कस रखी है।

इंग्लैंड टीम ने भारत में आखिरी बार 2012-13 में टेस्ट सीरीज जीती थी। उसके बाद भारतीय टीम ने कोई मौका नहीं दिया। हालांकि, इस सीरीज को लेकर इंग्लैंड के खिलाड़ी भारत को पहले ही चेतावनी दे रहे हैं। हालांकि, इससे इतर तीन ऐसे कारण हैं, जिससे के चलते इंग्लैंड टीम भारत को हरा सकती है।

1. लगातार जीतने का जुनून

इंग्लैंड टीम टेस्ट में अपने विरोधियों को परास्त कर रही है। मैकुलम की कोचिंग में इंग्लैंड ने पिछले लगभग दो सालों में 18 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से 13 में जीत हासिल की है। एक मैच ड्रॉ रहा था जो पिछले साल एशेज सीरीज के दौरान हुआ था।

2. टीम का संयोजन

भारतीय दौरे पर आई इंग्लैंड टीम में गजब का संयोजन है। चार तेज गेंदबाज और चार स्पिनर्स को टीम में जगह दी है। बल्लेबाजी में अनुभवी जो रूट, ओली पोप, जैक क्रॉली और खुद कप्तान बेन स्टोक्स रन बनाने की क्षमता रखते हैं। जेम्स एंडरसन भारत में कमाल करने को बेताब होंगे।

3. बैजबॉल क्रिकेटिंग

टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक चर्चा का विषय बैजबॉल की है। जब से ब्रेंडन मैकुलम ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कोचिंग की कमान संभाली है, उन्होंने अपनी खेल शैली के रंग बदल दिए हैं। खेल की परिस्थितियां चाहे जो भी हों, इंग्लैंड अपनी खेल शैली को समान रखने में कामयाब रहा है। इंग्लैंड ने सभी प्रतिद्वंद्वियों के सामने आक्रमक बल्लेबाजी की है।

# ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने पाक के जख्मों पर छिड़का नमक



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 7 विकेट से हार का स्वाद चखाया। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल की अटूट शतकीय साझेदारी के दम पर कीवी टीम ने पाकिस्तान से मिले 159 रन के लक्ष्य 11 गेंद शेष रहते हुए हासिल किया। फिलिप्स ने 70 रन की तेज तर्रार पारी खेली, तो मिचेल ने महज 44 गेंदों पर 72 रन कूटे।

**फिलिप्स-मिचेल ने दिलाई कीवी टीम को जीत**

159 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले फिन एलन को शाहीन अफरीदी को महज 8 रन के स्कोर पर पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद अफरीदी ने इसी ओवर में टिम सीफर्ट की पारी का भी अंत किया। विल यंग भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने टीम की ओर से मोर्चा संभाला। मिचेल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों पर 7 चौके और दो छक्कों की मदद से 72 रन कूटे।

वहीं, फिलिप्स ने 52 गेंदों पर नाबाद 70 रन जड़े। दोनों कीवी बल्लेबाजों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 93 गेंदों पर अटूट 139 रन की पार्टनरशिप करते हुए टीम को लगातार चौथी जीत का स्वाद चखाया।

**रिजवान की पारी गई बेकार**

इससे पहले पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 90 रन की शानदार पारी खेली। रिजवान के अलावा टीम की ओर से अंतिम ओवरों में मोहम्मद नवाज ने महज 9 गेंदों पर 21 रन जड़े, जिसके दम पर पाकिस्तान की टीम 5 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 158 रन लगाने में सफल रही। गेंदबाजी में पाकिस्तान की ओर से कप्तान शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट चटकाए, पर उनको बाकी बॉलर्स का साथ नहीं मिल सका। इस सीरीज में पाकिस्तान को लगातार चौथी हार का मुंह देखना पड़ा है।

# इर्विन के एकमात्र गोल से ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट चरण में पहुंचा




दोहा, जैक्सन इरविन के एकमात्र गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी में जस्सीम बिन हमाद स्टेडियम में सीरिया पर 1-0 से जीत दर्ज की और एएफसी एशिया कप के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इर्विन के 59वें मिनट में किए गए गोल, जो टूर्नामेंट में उनका अब तक का दूसरा गोल है, ने ग्राहम अर्नोल्ड की टीम को एक राउंड शेष रहते हुए तीन अन्य अंकों के साथ भारत पर अपनी शुरुआती जीत वापस दिला दी और स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गई प्रत्येक समूह में शीर्ष दो टीमें आगे हैं और तीसरे स्थान पर रहने वाली चार टीमें सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड के साथ आगे बढ़ रही हैं और दिन के अंत में भारत का सामना उज्बेकिस्तान से होना है, जिससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढने की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।सीमित स्कोरिंग अवसरों के खेल में लगभग एक घंटे तक इर्विन की करीबी सीमा की समाप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में पैमाना बना दिया, भले ही सीरियाई लोगों ने सॉकरोस को शुरुआती डर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपना ग्रुप अभियान समाप्त कर दिया, जबकि सीरिया को आगे बढने का मौका पाने के लिए भारत को हराना होगा।

# दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वीयाटेक से हार के बाद कोलिन्स की घोषणा, 2024 होगा मेरा अंतिम सीजन

मेलबर्न , दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक से ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में हार के बाद, अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी डेनिएल कोलिन्स ने घोषणा की कि 2024 डब्ल्यूटीए टूर सीजन दौर पर उनका अंतिम वर्ष होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन ने एक्स पोस्ट में लिखा है, डेनिएल कोलिन्स के लिए यह अंतिम प्तऑस्ट्रेलियन ओपन है, जिन्होंने पुष्टि की है कि वह इस साल के बाद प्रतिस्पर्धा करना बंद कर देंगी। हम अपने 2022 फाइनलिस्ट को शुभकामनाएं देते हैं।2022 की फाइनलिस्ट ने एक सेट और एक ब्रेक डाउन से पिछडने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से 4-1 की बढ़त बना ली , लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी करते हुए रॉड लेवर एरेना में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत हासिल की।

कोलिन्स ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सीजन होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सीजन होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं। मुझे लगता है कि





मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। इसमें निश्चित रूप से उतार-चढ़ाव रहे हैं, और मुझे लगता है कि यात्रा और शेड्यूल के साथ कोर्ट से दूर कुछ चीजें और यह सब, यह वास्तव में एक कठिन खेल है।

मेरे पास अन्य चीजें हैं जिन्हें मैं टेनिस के बाहर अपने जीवन में पूरा करना चाहती हूं, और मैं ऐसा करने में सक्षम होने के लिए समय निकालना चाहूंगी। जाहिर तौर पर बच्चे पैदा करना मेरे लिए एक बड़ी प्राथमिकता है। दो साल पहले इसी कोर्ट पर कोलिन्स ने स्वीयाटेक को 6-4, 6-1 से हराकर जीत हासिल की थी और अपने पहले बड़े फाइनल में प्रवेश किया था।कोलिन्स ने 2019 में मेलबर्न पार्क में अपना पहला ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल हासिल किया, और शीर्ष 20 विरोधियों के खिलाफ तीन जीत हासिल की। तीन साल तेजी से आगे बढ़ते हुए, 2022 के सेमीफाइनल में, उसने स्वीयाटेक की प्रगति को विफल कर दिया, और फाइनल में जगह बनाई, जहां अंततः उसे एश्ले बार्टी के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79



फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com